भारत सरकार
गृह मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1018**
दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**स्वतंत्रता सेनानी पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थी**

**1018. श्री संजय राउत :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वतंत्रता सेनानी पेंशन और अन्य सुविधाएं प्राप्त करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके आश्रितों की राज्य-वार मौजूदा संख्या कितनी-कितनी है;
(ख) गत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा कितनी धनराशि वितरित की गई है;
(ग) क्या सरकार को इस योजना के कार्यान्वयन के संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू)

**(क) : स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना, 1980 के अंतर्गत अन्य सुविधाओं के साथ दिनांक 01 जनवरी, 2015 की स्थिति के अनुसार विभिन्न बैंकों के माध्यम से केन्द्रीय सम्मान पेंशन प्राप्त करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके पात्र आश्रितों की राज्य-वार संख्या अनुलग्नक-I में दी गई है।**

**(ख) : गत तीन वर्षों के दौरान दी गई केन्द्रीय सम्मान पेंशन की राशि निम्नानुसार है:-**

| **वर्ष** | **पेंशन (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|
| 2012-13 | 772.83 |
| 2013-14 | 826.11 |
| 2014-15 (**दिनांक** 31.01.2015 **तक**) | 705.45 |

**(ग) और (घ) : पेंशन का भुगतान न किए जाने/कम/अधिक भुगतान किए जाने से संबंधित शिकायतों का निपटान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ परामर्श करके स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना, 1980 के लागू उपबंधों के संदर्भ में उनकी जांच करने के बाद किया जाता है।**

---

अनुलग्नक-I के पृष्ठ 1 का 1
राज्य सभा अता० प्र० सं० 1018

## दिनांक 01.01.2015 की स्थिति के अनुसार बैंकों के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने वाले केन्द्रीय स्वतंत्रता सेनानी पेंशनरों/आश्रितों की राज्य-वार संख्या

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | केन्द्रीय स्वतंत्रता सेनानी पेंशनर | आश्रित पारिवारिक पेंशनरों की संख्या | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | असम | 157 | 771 | 928 |
| 2 | आन्ध्र प्रदेश | 694 | 1095 | 1789 |
| 3 | अंडमान और निकोबार | 01 | 0 | 01 |
| 4 | बिहार | 1436 | 2366 | 3802 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 20 | 230 | 250 |
| 6 | दमण और दीव | 03 | 02 | 05 |
| 7 | दिल्ली | 150 | 297 | 447 |
| 8 | गोवा | 406 | 399 | 805 |
| 9 | गुजरात | 202 | 273 | 475 |
| 10 | हरियाणा | 183 | 569 | 752 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 169 | 496 | 665 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 53 | 99 | 152 |
| 13 | झारखंड | 80 | 290 | 370 |
| 14 | केरल | 118 | 716 | 834 |
| 15 | कर्नाटक | 425 | 1535 | 1960 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 167 | 408 | 575 |
| 17 | महाराष्ट्र | 1494 | 2638 | 4132 |
| 18 | मणिपुर | 11 | 09 | 20 |
| 19 | मिजोरम | 01 | 0 | 01 |
| 20 | मेघालय | 05 | 30 | 35 |
| 21 | नागालैंड | 01 | 01 | 02 |
| 22 | ओडिशा | 185 | 504 | 689 |
| 23 | पुदुचेरी | 23 | 74 | 97 |
| 24 | पंजाब | 581 | 790 | 1371 |
| 25 | राजस्थान | 168 | 231 | 399 |
| 26 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 |
| 27 | तमिलनाडु | 537 | 1561 | 2098 |
| 28 | तेलंगाना | 2519 | 3313 | 5832 |
| 29 | त्रिपुरा | 29 | 303 | 332 |
| 30 | उत्तराखंड | 70 | 486 | 556 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 252 | 664 | 916 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 1294 | 4316 | 5610 |
| | कुल | 11434 | 24466 | 35900 |

*****